**अवैध गर्भपात**

## पुलिस ने बिछाया जाल : फर्जी ग्राहक भेजे, लाखों लेकर अवैध गर्भपात गिरोह बेनकाब

# 15,000 में भ्रूण लिंग परीक्षण, कोख में कर देते थे कत्ल

▸ सरल डायग्नोस्टिक, डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी सेंटर सील हिरासत में डॉक्टर, नर्स




**नवभारत, जबलपुर।** कानून की धज्जियां उड़ाते हुए सौदेबाजी कर लिंग परीक्षण कर भ्रूण को कोख में ही कत्ल करने वाले सफेदपोश डॉक्टरों के रैकेट को पुलिस ने बेनकाब कर दिया है। दरअसल मालवीय चौक स्थित डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी और अधारताल स्थित सरल डायग्नोस्टिक सेंटर में अवैध गर्भपात कराये जाने की भनक लगते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाकर फर्जी ग्राहक भी भेजे। इसके बाद दबिश देते हुए जांच पड़ताल की गई। जिसमें यह बात सामने आई कि गिरोह पेट में पल रहे बच्चे का लिंग बताने के लिए प्रति मरीज 15,000की रकम लेते थे इसके बाद लाखों रूपये लेकर अवैध गर्भपात भी करा देते थे जिसके एवज में मोटी रकम ऐंठते थे। पुलिस ने दोनों सेंटरों को सील कर मुख्य सरगना डॉक्टर और उसकी मददगार नर्स को दबोच लिया है। जबकि अन्य डॉक्टर की तलाश जारी है। देर रात तक ओमती थाने में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

जानकारी के अनुसार मालवीय चौक पर डॉक्टर राजेन्द्र अग्रवाल का आर.के. डिजिटल एक्स-रे सोनोग्राफी कलर डॉप्लर सेंटर चलाता है। अधारताल का सरल डायग्नोस्टिक सेंटर भी इसी का है जहां से पूरे नेटवर्क ऑपरेट होता था। यहां डॉ. राजेन्द्र का जूनियर का जूनियर सतीश अग्रवाल बैठता था। भ्रूण लिंग परीक्षण, अवैध गर्भपात का यहीं से खेल चलता था। नर्स डोली की सीधी निगरानी में भ्रूण लिंग परीक्षण से लेकर गर्भपात का पूरा गंदा खेल खेला जाता था। एएसपी अनु बेनीवाल के नेतृत्व में पुलिस ने पूरी प्लानिंग के साथ मालवीय चौक और अधारताल स्थित दो सेंटरों पर ग्राहकों को भेजा गया। सौदाबाजी हुई इसके बाद एक साथ छापेमारी कर दी गई। जांच में यह बात सामने आई कि गिरोह पेट में पल रहे बच्चे का लिंग बताने के लिए प्रति मरीज 15,000 की रकम ऐंठता था। इसके बाद लाखों रूपये लेकर गर्भपात कराने के लिए मोटी रकम ऐंठी जाती थी।

### लड़की हुई तो गर्भपात

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि टेस्ट में जैसे ही पता चलता कि कोख में लड़की है, वैसे ही डॉक्टर और नर्स मिलकर गर्भपात (भ्रूण हत्या) का ताना-बाना बुन देते थे। पुलिस अब सेंटरों के पूरे स्टाफ को राउंडअप कर बयान दर्ज कर रही है। डॉ. राजेन्द्र, नर्स को भी हिरासत में लेकर कड़ाइ से पूछताछ जारी है, जिससे शहर के कई और बड़े चेहरों के बेनकाब होने की पूरी उम्मीद है। फरार सतीश की तलाश जारी है।

### इनका कहना है

आर.के. डिजिटल एक्स रे सोनोग्राफी कलर डॉप्लर सेंटर, सरल डायग्नोस्टिक सेंटर को सील किया गया है यहां भ्रूण लिंग परीक्षण किए जा रहे थे। भ्रूण हत्या गर्भपात भी कराया जा रहा था। मामले की विस्तृत जांच जारी है। स्वास्थ्य विभाग भी जांच कर रहा है जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**आयुष जाखड़**
**एएसपी शहर**



## पारस टेंट में भड़की आग, फायर अमले की तत्परता से टली बड़ी दुर्घटना

▸ उखरी इलाके की घटना

**नवभारत,जबलपुर।** उखरी पुलिस चौकी के सामने स्थित पारस टेंट सप्लायर्स एंड होटलवेयर की पहली मंजिल पर सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अचानक आग भड़क उठी जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की ऊंची ऊंची लपटें देखकर तत्काल फायर अमले को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर तत्परता दिखाते हुए नगर निगम के फायर ब्रिगेड के 10 वाहन पहुंचे और फिर अमले ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि फायम अमने ने अगर सक्रियता नहीं दिखाई होती तो पारस टेंट की दुकान का निचला हिस्सा भी आग में जलकर खाक हो जाता। अभी हुई घटना में टेंट दुकान की पहली और दूसरी मंजिल पर रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। फायर अधिकारी राजेंद्र पटैल ने बताया कि तत्काल फायर अमले द्वारा सक्रियता दिखाई गई जिससे आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। आग किन कारणों से लगी है फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### मापदंडों की होगी गहन जांच : महापौर

घटना की जानकारी मिलते ही महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' खुद मौके पर पहुँचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए निगम अमले को तेजी से राहत कार्य चलाने और आस-पास के क्षेत्र को सुरक्षित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि नगर निगम की टीम ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया है, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संबंध में बिल्डिंग के सभी आवश्यक मापदण्डों और सुरक्षा मानकों की गहन जांच कराई जायेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## दो सांडों की लड़ाई, चपेट में आई महिला गंभीर

**जबलपुर।** गुरंदी बाजार में आज उस वक्त अफरातफरी व भगदड़ मच गई, जब दो सांड आपस में टकरा गए। सांड लड़ते लड़ते सड़क पर आ गए, जिनकी चपेट में आकर महिला कमला बाई के शरीर पर गंभीर चोटें आई। दुकानदारों ने किसी तरह दोनों सांड को पानी डालकर भगाया, इसके बाद महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर महिला की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है।




बताया गया है कि गुरंदी बाजार में दोपहर दो बजे के लगभग अचानक दो सांड आपस में भिड़ गए, सांडों के बीच टकराव होते देख बाजार करने आए लोगों में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए दुकानों के अंदर प्रविष्ठ हो गए, इस बीच सड़क किनारे खड़ी महिला कमलाबाई चपेट में आ गई, जिससे उनके पेट, पीठ व पैरों में गंभीर चोटें आई। लोगों ने सांडो को हटाने के लिए पानी डाला, यहां तक कि कुछ लोगों ने पथराव किया इसके बाद सांड हटे। लोगों ने महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, घटना के बाद गुरंदी बाजार में कुछ देर के लिए सन्नाटा पसर गया था, लोगों की आवाजाही थम सी गई थी। घटना की खबर मिलते ही कांचघर निवासी महिला के परिजनों को खबर दी गई, जिसपर वे भी आ गए थे।गौरतलब है कि सड़कों पर घूमते जानवरों के कारण पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है।

## जिला अधिवक्ता एसोसिएशन का चुनाव आज, चुनाव अधिकारी ने जारी किये आवश्यक दिशा-निर्देश

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के लिए मंगलवार को चुनाव होने है। मतदान के संबंध में चुनाव अधिकारी के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये है। गौरतलब है कि पूर्व में जिला अधिवक्ता संघ का मतदान अव्यवस्थाओं के कारण निरस्त करना पड़ा था।

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने बताया कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रत्याशी व मतदाताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये है। मतदान के लिए एडहॉक कमेटी संयोजक वरिष्ट अधिवक्ता प्रहलाद चैधरी,सह संयोजक आर के दुबे के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण व्यवस्था की गयी है। पूरी चुनाव प्रक्रिया का लाइव प्रसारण किया जायेगा। इसके अलावा 6 न्यायाधीश एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रवि रंजन श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव के द्वारा निगरानी की जायेगी।



चुनाव अधिकारी ने प्रत्याशी व मतदाताओं से सहयोग की अपील की है। मतदाताओं के अतिरिक्त सिर्फ प्रत्याशी को गेट नम्बर 4 से प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी गेट नंबर चार के बाहर लगे बेरिकेट तक खडे होकर मतदाताओं से संपर्क व प्रचार कर सकेंगे। राज्य अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ता के रूप में नामांकित व्यक्ति को ही गेट नम्बर 4 से मतदान केन्द्र तक जाने की अनुमति होगी। इसका उल्लंघन किये जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मतदान केंद्र के पास लगी स्क्रीन में प्रत्याशी मतदान केंद्र की तत्कालीन स्थिति का अवलोकन कर सकेंगे। दिव्यांग व शारीरिक रूप से अषक्त तथा बुर्जुग अधिवक्ता के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गयी है। मतदान के दौरान कोई भी मतदाता फोटो खींचने का प्रयास नही करेंगे। मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का प्रयोग नही किया जाये। कोई भी प्रत्याशी व मतदाता फर्जी वोटिंग का प्रयास करेंगा तो उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मतदान के दौरान प्राप्त शिकायत का निराकरण तत्काल चुनाव अधिकारी के द्वारा किया जायेगा और निर्णय अंतिम रहेंगा।

## बारिश थमी, बढ़ी उमस, खरीफ फसलों पर मंडराने लगा संकट

**नवभारत,जबलपुर।** मानसूनी सीजन में पिछले 24 घंटे में जबलपुर जिले में एक बूंद भी बारिश दर्ज नहीं हुई, वहीँ तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। लगातार बारिश के बाद आए इस विराम से वातावरण में उमस बढ़ गई है ।

मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह और शाम की आर्द्रता क्रमश: 78 और 63 प्रतिशत रही। दिनभर तेज धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया तथा दोपहर के समय सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल-पहल दिखाई दी। इस मानसूनी सीजन में अब तक जिले में 269.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 672.8 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानी इस बार अब तक करीब 403 मिमी कम वर्षा हुई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है की यदि आने वाले दिनों में भी बारिश का यही सिलसिला रहा तो धान समेत खरीफ फसलों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है।

हालांकि मौसम विभाग ने राहत की संभावना जताई है। पूर्वानुमान के अनुसार जिले के अनेक स्थानों पर वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इसके साथ ही कहीं-कहीं वज्रपात, झंझावात तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की गई है। लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की गई है।

परियट जलाशय की अधिकतम भराव क्षमता 1390 फीट है। मौजूदा स्थिति में जलाशय अपने पूर्ण भराव स्तर से अभी 22 फीट नीचे है। हालांकि लगातार मिल रही आवक को देखते हुए जलस्तर में आने वाले दिनों में और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार कैचमेंट क्षेत्र से लगातार पानी आने के कारण जलाशय की स्थिति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। यदि आगामी दिनों में मानसून की सक्रियता बनी रही तो जलाशय का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है। इससे शहर की पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ सिंचाई की दृष्टि से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

खंदारी जलाशय की अधिकतम भराव क्षमता 1454 फीट है। मौजूदा स्थिति में जलाशय अभी भी पूर्ण भराव से 25 फीट नीचे है, लेकिन यदि कैचमेंट क्षेत्र में इसी तरह बारिश जारी रही तो आने वाले दिनों में जलस्तर में और तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

विशेषज्ञों का कहना है की जुलाई के अंतिम सप्ताह में हो रही लगातार वर्षा जलाशयों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। खंदारी जलाशय में बढ़ता जलस्तर न केवल शहर की पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित करेगा, बल्कि आगामी गर्मी के मौसम के लिए भी पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा।

मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक क्षेत्र में बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। ऐसे में खंदारी जलाशय के साथ-साथ अन्य जलाशयों के जलस्तर पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। यदि अच्छी बारिश का सिलसिला ऐसे ही बना रहा तो जलाशय के भराव स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल सकती है।

### खंदारी जलाशय : बढ़ा जलस्तर, न्यूनतम स्तर से 12 फीट ऊपर पहुंचा पानी

खंदारी जलाशय का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में जलाशय का जलस्तर 1429 फीट दर्ज किया गया है, जो इसके न्यूनतम जलस्तर 1417 फीट से करीब 12 फीट अधिक है। इससे शहर की पेयजल व्यवस्था को बड़ी राहत मिली है।

### परियट जलाशय : कैचमेंट से मिल रही लगातार संजीवनी

परियट जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में हो रही अच्छी वर्षा के कारण जलाशय में लगातार पानी की आवक बनी हुई है। वर्तमान में परियट जलाशय का जलस्तर बढ़कर 1368 फीट पर पहुंच गया है, जो न्यूनतम जलस्तर 1360 फीट से 8 फीट अधिक है।

## मदन महल स्टेशन का फुट ओवरब्रिज बंद, यात्री परेशान

**जबलपुर।** मदन महल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर-4 की ओर जाने वाले पैदल यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए बना फुट ओवरब्रिज इन दिनों बंद होने से रोजाना हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के फुट ओवरब्रिज पर ताला लगा दिया है, जिससे वर्षों से उपयोग में आने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग अचानक बंद हो गया। इसके कारण लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है और स्टेशन आने-जाने में अनावश्यक दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। सूत्रों के अनुसार स्टेशन के कुछ अधिकारियों का कहना है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर फुट ओवरब्रिज बंद किया गया है। हालांकि उनका भी मानना है कि पैदल आवाजाही के लिए इस मार्ग को बंद नहीं किया जाना चाहिए था। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से फुट ओवरब्रिज को जल्द दोबारा खोलने की मांग की है। उनका कहना है कि यात्रियों और आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए, ताकि रोजाना होने वाली परेशानी और अनावश्यक विवाद की स्थिति समाप्त हो सके। फुट ओवरब्रिज बंद होने का असर यात्रियों पर भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मजबूरी में उन्हें स्टेशन के अंदर वाले मार्ग का उपयोग करना पड़ता है, जहां टिकट जांच के दौरान कई बार वैध प्लेटफॉर्म टिकट या यात्रा टिकट नहीं होने पर जुर्माना भरना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि फुट ओवरब्रिज खुला रहे तो उन्हें स्टेशन परिसर के अंदर जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। इस समस्या को लेकर कई बार रेलवे अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

### प्रथम चरण की मतगणना पूरी, 61,792 मतों की गणना संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की प्रथम चरण की मतगणना सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। अंतिम चरण में पाली, मानपुर, उमरिया, कुरवाई, लटेरी, सिरोंज, गंजबासौदा, ग्यारसपुर एवं विदिशा की मतपेटियों की गणना शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में की गई। इसके साथ ही निर्वाचन में प्राप्त सभी 61,792 मतों की गणना पूरी हो गई। इनमें 59,678 मतपत्र वैध पाए गए, जबकि निर्वाचन नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण 2,114 मतपत्र निरस्त किए गए। मतगणना प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। प्रथम वरीयता मतों की गणना में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, आर .के . सिंह सैनी, नरेंद्र कुमार जैन और संदीप मेहता को प्रमुख बढ़त मिली। वहीं महिला प्रत्याशियों में प्रवीण तिवारी, अन्नू पटेल, प्रतीका पाठक, रश्मि ऋतु जैन और प्रतिभा वालिया प्रथम वरीयता मतों में आगे रहीं। निर्वाचन प्रक्रिया में महिला अधिवक्ताओं की सक्रिय और प्रभावशाली भागीदारी को इस चुनाव की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जिसने अधिवक्ता समाज में महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

## दो प्रधान आरक्षकों को नोटिस, गिरेगी गाज

▸ अवैध वसूली, रात में घरों में घुसने के है आरोप

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत सकरी में नियमों को ताक पर रखकर बिना थाना प्रभारी को सूचना दिए सादे कपड़ों में पहुंचे दो प्रधान आरक्षकों को टीआई ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस मामले में विभागीय कार्रवाई की गाज गिरना लगभग तय है।

विदित हो कि तिलवारा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पृथ्वीराज अपने साथी प्रधान आरक्षक राजेश के साथ बिना थाना प्रभारी को सूचना दिए रविवार सुबह 6 बजे सिविल ड्रेस में सकरी गांव जा धमके थे। सुबह-सुबह सादे कपड़ों में संदिग्ध हरकतें करते देख ग्रामीणों ने दोनों को घेरकर बंधक बना लिया था।

हालांकि, बाद में पुलिस महकमे के दखल के बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ दिया गया था लेकिन इसके बाद पुलिसकर्मियों के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर थाना प्रभारी से शिकायत कर आरोप ल गाया था



कि बीते कई माह से पुलिसकर्मी देर रात उनके घरों में जबरन दाखिल हो जाते हैं। जब इसका विरोध करते हैं, तो उनके साथ झूमाझपटी की जाती है। वर्दीधारी घर की महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी बाज नहीं आते। वर्दी की धौंस दिखाकर अवैध वसूली करते है। ग्रामीणों का सीधा आरोप आरोप है प्रधान आरक्षक पृथ्वीराज सिर्फ और सिर्फ अवैध वसूली के इरादे से पहुंचते है । देर रात बिना किसी वारंट या वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के उनके घरों में जबरन दाखिल हो जाते है। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि दोनों प्रधान आरक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है । मामले की जांच चल रही है जांच के बाद जो तथ्य सामने आंएगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

## दूध डेयरियों में खाद्य विभाग की दबिश, लिये गए नमूने

**जबलपुर ।** सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने दूध डेरीयों में दबिश दी और परीक्षण के लिए दुग्ध उत्पादों के नमूने लिये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डुंगरिया स्थित नारायण डेरी चिलिंग प्लांट का निरीक्षण कर दूध, पनीर, दही एवं खोवा,के नमूने जांच के लिए लिये। इसी प्रकार गुप्तेश्वर स्थित मदर डेरी का निरीक्षण कर दूध एवं पनीर, गढ़ा स्थित प्रज्ञा डेरी से पनीर तथा मारवाड़ी डेरी से पनीर एवं दही के नमूने जांच करने लिए गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार सभी नमूने परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

होली लाईट चिन्ड्रन्स ऐकेडमी
हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष् सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन · स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444

विगत 26 वर्षों से
कालसर्प दोष अनुष्ठान
कालसर्प दोष अनुष्ठान, आकस्मिक दुर्घटना कर्ज इत्यादि पूजा हेतु संपर्क सूत्र
शनि मंदिर तिलवाराघाट जबलपुर
मैं 17 अगस्त नागपंचमी के पर्व पर विशेष
अनुष्ठान पितृदोष, मांगलिक एवं
नारायण नागवली दोष, विवाह, शारीरिक,
मानसिक, नौकरी इत्यादि अनुष्ठान की
शांति विधान के लिए
आचार्य पं. बाल गोविन्द शास्त्री जी महाराज (प्रयागराज वाले)
संपर्क करें मो. 7974220514, 9956887582

Mr. Solar
महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
सोलर पार्टनर
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Pls call us on 6267100743, 9644555001
Office : Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

STUDY ABROAD COUNSELING By Prabha Yadav
MBBS प्रवेश
विदेश में डॉक्टर बने आपके बजट में
भारत के साथ ही रशिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, नेपाल सहित अन्य देशों सें MBBS करने हेतु संपर्क करें:-
ASHIRWAAD 781, SHANTI NAGAR, NEAR RYAN INTERNATION SCHOOL JABALPUR
+91 9340486618

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ICSE सें MP BOARD में एडमिशन पर,उठायें सरकारी योजना का लाभ। बोर्ड एग्जाम का %बढ़ाऐं, समय बचाएं NEET/IIT में एडमिशन गाइडेंस।
English & Hindi Medium | Office- 8 to 4
Nursery, LKG, UKG, Admission, Book Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहत्तर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राइवेट/रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिहारा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर 9111009016

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57